भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2115
(28 जुलाई, 2014 को उत्तर दिए जाने के लिए)

मध्य प्रदेश में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत सड़कों का निर्माण

2115. डा. सत्यनारायण जटिया:

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मध्य प्रदेश में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत योजना आरम्भ वर्ष से वर्ष 2013 तक प्रत्येक वर्ष कितनी-कितनी दूरी की सड़कें बनाई गईं; और
(ख) इन सड़कों के संधारण के लिये प्रतिवर्ष दिये गये अनुदान की राशि क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री उपेन्द्र कुशवाहा)

(क): मध्य प्रदेश राज्य में प्रारंभ से लेकर अब तक, प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत वर्षवार पूरी की गई सड़कों की लंबाई इस प्रकार है :-

वर्ष	पूरी की गई लंबाई कि.मी. में
2000-04	5,295
2004-05	1,786
2005-06	2,962
2006-07	3,789
2007-08	5,231
2008-09	7,894
2009-10	10,398
2010-11	9,163
2011-12	2,927
2012-13	2,754
2013-14	3,006

(ख): मानक बोली दस्तावेज (एसबीडी) के प्रावधानों के अनुसार पीएमजीएसवाई के अंतर्गत बनाई गई सड़कों को 5 वर्ष के रख-रखाव अनुबंध के साथ ही एक ही ठेकेदार के साथ निर्माण अनुबंध के द्वारा कवर किया जाता है और इनका निष्पादन राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है। राज्य सरकार को राज्य ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी (एसआरआरडीए) के खाते में रख-रखाव के लिए निर्धारित निधियां देने के लिए उपाय करने होते हैं। निर्माण पश्चात रख-रखाव की 5 वर्ष की अवधि की समाप्ति पर राज्य सरकारें ऐसी सड़कों को क्षेत्रीय रख-रखाव अनुबंध के अंतर्गत लाने के लिए जरूरी बजट का प्रावधान बनाती है। जैसा कि राज्य ने सूचित किया है, वर्ष 2007-08 से राज्य द्वारा एसआरआरडीए के खाते में रख-रखाव के लिए दी गई वर्षवार निधियों तथा निधियों का वर्षवार उपयोग इस प्रकार है :-

वर्ष	राज्य द्वारा रिलीज की गई निधियां (रू. करोड़ में)	राज्य द्वारा उपयोग की गई निधियां (रू. करोड़ में)
2007-08	3.50	1.44
2008-09	7.00	3.14
2009-10	27.00	15.35
2010-11	35.89	24.81
2011-12	57.14	43.30
2012-13	58.20	52.10
2013-14	65.90	51.46

*****